उत्तर प्रदेश सरकार
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
तुलसी गंगा काम्पलेक्स, 19सी विधानसभा मार्ग,
उ0प्र0,लखनऊ - 226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

पुरूषों के लिये उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, प्लाटून कमाण्डर पी0ए0सी0 एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पदों पर सीधी भर्ती-2016 तथा महिलाओं के लिये उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2016 के अन्तर्गत (1)-अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा तथा (2)- शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित किये जाने सम्बन्ध में सूचना

विज्ञप्ति

संख्याःपीआरपीबी-अनु-6-प-05/2017 दिनांकः जून 07,2018

(अ)- अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा (DV/PST)

पुरूषों के लिये उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, प्लाटून कमाण्डर, पी0ए0सी0 एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पदों पर सीधी भर्ती-2016 तथा महिलाओं के लिये उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2016 अन्तर्गत आनलाइन परीक्षा के आधार पर 11091 अभ्यर्थियों की अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा (**DV/PST**) दिनांक – 22-06-2018 से 29-06-2018 तक जनपद मुख्यालय - कानपुर नगर, गोरखपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, मेरठ, वाराणसी तथा इलाहाबाद के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित की जायेगी। पुरूषों की **DV/PST** दिनांक 22-06-2018 से 29-06-2018 तक तथा महिलाओं की **DV/PST** दिनांक 29-06-2018 को उक्त केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

2- अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा (**DV/PST**) हेतु अर्ह अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक- 11-06-2018 से बोर्ड की वेबसाइट **http://uppbpb.gov.in/** तथा **http://prpb.gov.in/** पर उपलब्ध होंगे, जिन्हें अभ्यर्थी डाउनलोड कर सकेंगे ।

(ब)- शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड)

अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा (**DV/PST**) में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड) दिनांक-01-07-2018 से 04-07-2018 तक आयोजित की जायेगी। पुरूषों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड़) दिनांक 01-07-2018 से 03-07-2018 तक तथा महिलाओं की दौड़ दिनांक 04-07-2018 को निम्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी :-

(क)– 11वीं वाहिनी पी0ए0सी0, सीतापुर।
(ख)- 12वीं वाहिनी पी0ए0सी0, फतेहपुर।
(ग) - 23वीं वाहिनी पी0ए0सी0, मुरादाबाद।
(घ) - 39वीं वाहिनी पी0ए0सी0, अलीगढ़।
(ङ) - रिजर्व पुलिस लाइन्स, फैजाबाद।

2- शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल होने के लिये पुरूष अभ्यर्थियों को 4.8 किमी0 की दौड़ 28 मिनट में और महिला अभ्यर्थी को 2.4 किमी0 की दौड़ 16 मिनट में पूरी करनी आवश्यक होगी। जो अभ्यर्थी नियत समय के भीतर दौड़ पूरी नहीं करते हैं, वे भर्ती के लिये पात्र नहीं होंगे।

3- शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड़) हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा में सफल घोषित होने के उपरान्त उसी दिन (जिस दिन अभ्यर्थी की **DV/PST** आयोजित की गयी) मध्य रात्रि से बोर्ड की वेबसाइट **http://uppbpb.gov.in/** तथा **http://prpb.gov.in/** पर उपलब्ध होंगे, जिन्हें अभ्यर्थी डाउनलोड कर सकेंगे हैं।

4- अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जायेगी कि परीक्षा केन्द्र पर शान्तिपूर्ण वातावरण बनाये रखें तथा (1)- अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा (**DV/PST**) और (2)- शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु निर्गत किये जा रहे प्रवेश पर दिये गये निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें तथा अनुपालन सुनिश्चित करें।

5- यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

2.7/6/18

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ